कार्यालय जलकल विभाग, नगर निगम, गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में निम्न कार्यो हेतु नगर निगम, गोरखपुर के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा मोहरबन्द निविदायें दिनांक 28.12.2021 को अपरान्हः 3.00 बजे तक जलकल कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म की बिक्री दिनांक 27.12.2021 को अपरान्हः 2.00 बजे तक जलकल कार्यालय से की जायेगी। निविदा नगर निगम गोरखपुर की वेबसाईट www.nagarnigamgkp.org पर उपलब्ध होगी। प्राप्त निविदाएं जलकल कार्यालय पर उपस्थित निविदाताओं के समक्ष उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि	धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य
1.	वार्ड सं0 1 महादेव झारखण्डी टुकड़ा नं0–1 भैरोपुर काली मन्दिर नलकूप से हनुमान मन्दिर चौराहे तक वाटर सप्लाई की मुख्य पाइप लाइन 140 मीटर (एम0एस0) 150 एमएम विस्तार कार्य।	6,61,482.00	66,200.00	660.00
2.	वार्ड सं0 21 बेतियाहाता आवास विकास कालोनी मे डा0 बग्गा व डा0 कविता दूबे के आवास के पास डीप सीवर चैम्बर का निर्माण कार्य।	2,24,951.00	22,500.00	250.00

प्रमुख शर्ते :

1. धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 के रूप में मान्य होगी, जो महाप्रबन्धक जलकल नगर निगम, गोरखपुर के पक्ष में बन्धक होगी। मूल रूप से निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. वेवसाईट से निविदा प्राप्त करने पर निविदा मूल्य का लेखाधिकारी नगर निगम, गोरखपुर के नाम बैंक ड्राफ्ट साथ में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा प्रपत्र पर निविदादाता के स्पष्ट हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग मुहरबन्द निविदा देना अनिवार्य होगा तथा लिफाफे पर स्पष्ट रूप से निविदा क्रमांक अंकित करना आवश्यक होगा।
5. दरें ओवर आल बेसिस पर ही मान्य होगी। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।
6. निविदादाता को कार्यादेश प्राप्ति से तीन दिन के अन्दर उचित मूल्य के स्टैम्प पर अनुबन्ध करना तथा नियत अवधि के अन्दर मानक/गुणवत्ता के अनुसार कार्य करना होगा।
7. विस्तृत शर्ते तथा बिल आफ क्वान्टिटी की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में निविदा पड़ने के एक दिन पहले तक जलकल कार्यालय नगर निगम, गोरखपुर से प्राप्त की जा सकती है।
8. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, गोरखपुर के पास सुरक्षित होगा।

16.12.2021

महाप्रबन्धक जलकल
नगर निगम, गोरखपुर

18/12/2021

नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर